AGRAWAL EXAMCART


Paper Pakka Fasega!

INCREDIBLE STATE

# बिहार

**BPSC, BSSC, BPSSC, CSBC एवं राज्य की अन्य परीक्षाओं हेतु**

बिहार के ऐतिहासिक, भौगोलिक, आर्थिक व सांस्कृतिक सहित सभी पक्षों को नवीनतम आँकड़ों के साथ सरल एवं स्पष्ट भाषा में प्रस्तुत किया गया है।



आसान सटीक एवं सम्पूर्ण अध्ययन अब एक ही पुस्तक से !

"बिहार राज्य के सामान्य ज्ञान का सम्पूर्ण अध्ययन एवं सटीक अभ्यास अब एक पुस्तक से संभव"

**मुख्य विशेषताएँ**

- बिहार राज्य के सामान्य ज्ञान को सटीक एवं सरल भाषा में समझो
- पुस्तक को पढ़ो और विगत वर्षों एवं आगामी परीक्षाओं के प्रश्नों को आसानी से हल करो
- अभ्यास हेतु महत्वपूर्ण प्रश्नों का अध्यायवार समावेश


| Code | Price | Pages | ISBN |
|---|---|---|---|
| CB1267 | ₹159 | 152 | 978-93-5703-078-6 |

# विषय सूची

## Help Centre, समसामयिकी एवं परीक्षा पैटर्न


⊙ **Agrawal Examcart Help Centre** **v**

⊙ समसामयिकी (करंट अफेयर्स) **vii**

[अगले पृष्ठ पर दिये गये **Student's Corner** में **QR Code/Link** के माध्यम से **Free PDF** को **Download** करें]

**बिहार सामान्य ज्ञान** **1-152**


| | | |
|---|---|---|
| **1.** | बिहार राज्य : रूपरेखा | **1-5** |
| **2.** | बिहार का इतिहास | **6-19** |
| **3.** | बिहार का भूगोल | **20-31** |
| **4.** | बिहार में वन एवं वन्य जीव | **32-38** |
| **5.** | बिहार में खनिज उत्पादन | **39-40** |
| **6.** | बिहार में कृषि एवं पशुपालन | **41-44** |
| **7.** | बिहार में उद्योग | **45-48** |
| **8.** | बिहार में परिवहन एवं संचार | **49-51** |
| **9.** | बिहार में शिक्षा | **52-55** |
| **10.** | बिहार में ऊर्जा संसाधन | **56-58** |
| **11.** | बिहार में संचार प्रौद्योगिकी | **59-60** |
| **12.** | बिहार के जिले | **61-68** |
| **13.** | बिहार के पर्यटन एवं महत्वपूर्ण स्थल | **69-85** |
| **14.** | बिहार में भाषा एवं साहित्य | **86-91** |
| **15.** | स्थापत्य एवं मूर्तिकला | **92-103** |
| **16.** | बिहार का भोजन | **104-106** |
| **17.** | बिहार के मेले | **107-109** |
| **18.** | बिहार के उत्सव एवं त्योहार | **110-113** |
| **19.** | बिहार की अर्थव्यवस्था | **114-116** |
| **20.** | बिहार की राजनीति | **117-122** |
| **21.** | बिहार की जनसांख्यिकी | **123-138** |
| **22.** | बिहार में महत्वपूर्ण योजनायें/कार्यक्रम | **139-148** |
| **23.** | राजस्व एवं भूमि सुधार | **149-152** |

अध्याय

1

# बिहार राज्य : रूपरेखा

- बिहार राज्य, हमारे देश के पूर्वी भाग (83°30' से 88°00' देशांतर के बीच) में स्थित है। यह पूरी तरह से भू–आबद्ध राज्य है, हालांकि पास में स्थित कोलकाता बंदरगाह से समुद्र तक पहुँच उपलब्ध होती है। बिहार पूर्व में आर्द्र जलवायु वाले पश्चिम बंगाल और पश्चिम में उप–आर्द्र जलवायु वाले उत्तर प्रदेश के बीच में स्थित है और यह इस राज्य को जलवायु, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के संबंध में एक संक्रमणीय स्थिति प्रदान करता है।
- यह उत्तर में नेपाल और दक्षिण में झारखंड से घिरा हुआ है। गंगा नदी, बिहार के मैदान को द्वारा दो असमान भागों में विभाजित करती है और पश्चिम से पूर्व की ओर बहती है।




**बिहार का भौतिक मानचित्र**

### बिहार : भौतिक विशेषताएँ

| | |
|---|---|
| आकार | त्रिकोणीय |
| अक्षांश | 24°-20'-10" ~ 27°-31'-15" N |
| देशांतर | 83°-19'-50" ~ 88°-17'-40" E |
| कुल क्षेत्रफल | 94,163.00 वर्ग किमी. या 36,357 वर्ग मील (भारत के कुल क्षेत्रफल का लगभग 2.86: तथा देश में 12वां स्थान) |
| ग्रामीण क्षेत्रफल | 92,257.51 वर्ग कि.मी |
| शहरी क्षेत्रफल | 1,095.49 वर्ग कि.मी |

| | |
|---|---|
| सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला जिला | पश्चिमी चंपारण (5,228 वर्ग किमी) |
| सबसे कम क्षेत्रफल वाला जिला | शिवहर (443 वर्ग किमी) |
| लंबाई | 345 किमी (उत्तर से दक्षिण) |
| चौड़ाई | 483 किमी (पूर्व से पश्चिम) |
| समुद्र तल से ऊँचाई | 173 फीट (लगभग 53 मीटर) |
| वर्षा के दिनों की औसत संख्या | एक वर्ष में 52.5 दिन |
| लंबे समय तक औसत वर्षा (2001–2020) | 1012.5 मिमी |

## बिहारः राजनीतिक परिदृश्य

| | |
|---|---|
| गठन | 22 मार्च 1912 |
| बिहार दिवस | 22 मार्च (प्रत्येक वर्ष) |
| राजधानी | पटना |
| सबसे बड़ा शहर | पटना |
| राज्यपाल | श्री फागू चौहान |
| मुख्यमंत्री | श्री नीतीश कुमार |
| उप–मुख्यमंत्री | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव |
| विधायिका | द्विसदनीय<br>● विधान परिषद्: 75<br>● विधान सभा: 243 |
| लोकसभा सदस्यों की संख्या | 40 |
| राज्यसभा सदस्यों की संख्या | 16 |
| पटना महानगरपलिका में वार्डों की संख्या | 57 |
| उच्च न्यायालय | पटना |
| राजभाषा | हिंदी |

## बिहारः मंत्रीमंडल

| | |
|---|---|
| श्री नीतीश कुमार (बिहार के मुख्यमंत्री) | सामान्य प्रशासन, गृह, कैबिनेट सचिवालय, सतर्कता, चुनाव और ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवंटित नहीं हैं |
| श्री तेजस्वी प्रसाद यादव (बिहार के उपमुख्यमंत्री) | स्वास्थ्य, पथ निर्माण, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, ग्रामीण कार्य एवं पर्यटन |
| श्री विजय कुमार चौधरी | वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य |
| श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव | ऊर्जा और योजना एवं विकास |
| श्री आलोक कुमार मेहता | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग |
| श्री तेज प्रताप यादव | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन |
| मो. अफाक आलम | पशु और मत्स्य संसाधन |
| श्री अशोक चौधरी | भवन निर्माण |
| श्री श्रवण कुमार | ग्रामीण विकास |
| श्री सुरेंद्र प्रसाद यादव | सहकारिता |
| डॉ. रामानंद यादव | खान एवं भूतत्व विभाग |
| श्रीमती लेशी सिंह | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण |
| श्री मदन साहनी | समाज कल्याण |
| श्री ललित कुमार यादव | लोक स्वास्थ्य एवं अभियाँत्रिकी |
| श्री संतोष कुमार सुमन | अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति कल्याण |
| श्री संजय कुमार झा | जल संसाधन एवं सूचना एवं जनसंपर्क |
| श्रीमती शीला कुमारी | परिवहन |
| श्री समीर कुमार | उद्योग |
| डॉ चंद्र शेखर | शिक्षा |
| श्री सुमित कुमार सिंह | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी |
| श्री सुनील कुमार | मद्यनिषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग |
| श्रीमती अनीता देवी | पिछड़ी जाति तथा आर्थिक पिछड़ा वर्ग कल्याण |
| श्री जितेंद्र कुमार राय | कला, संस्कृति और युवा |
| श्री जयंत राज | लघु जल संसाधन |
| श्री कुमार सर्वजीत | कृषि |
| श्री मो. ज़मा खान | अल्पसंख्यक कल्याण |
| श्री मुरारी प्रसाद गौतम | पंचायती राज |
| श्री आलोक कुमार मेहता | गन्ना उद्योग |
| डॉ. शमीम अहमद | विधि |
| श्री शाहनवाज | आपदा प्रबंधन |
| श्री सुरेंद्र राम | श्रम संसाधन |
| श्री मोहम्मद इस्राइल मंसूरी | सूचना प्रौद्योगिकी विभाग |

## बिहार : अन्य तथ्य

| | |
|---|---|
| राजभाषा | हिंदी<br>(उर्दू बिहार की दूसरी राजभाषा है) |
| राज्य प्रार्थना | मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण राज करे. ....आधिकारिक राज्य गीत मेरे भारत के कंठ हार....(इसे वर्ष 2012 में अपनाया गया था) |
| राजकीय पशु | भारतीय बाइसन (बायोनॉमियल नाम– बोस गोरस) |
| राजकीय पक्षी | गौरैया (बायोनॉमियल नाम – पासर डोमेस्टिकस) |
| राजकीय मछली | वॉकिंग कैटफिश (बायोनॉमियल नाम – क्लैरियस बत्राचुस) |
| राजकीय फल | आम (बोटोनीकल नाम – मैंगीफेरा इंडिका) |
| राजकीय पुष्प | आर्किड वृक्ष (बोटोनीकल नाम – बाउहिनिया वेरीगाटा) |
| राजकीय वृक्ष | पीपल (बोटोनीकल नाम (फिकस शिलिजिओसा) |
| वन प्रकार | पर्णपाती वन |

## बिहार : विशेष तथ्य

| विश्व में प्रथम | |
|---|---|
| विश्व का प्रथम लोकतान्त्रिक गणराज्य | 'वज्जि संघ', लिच्छवि, वैशाली (छठी शताब्दी ई.पू.) |

| | |
|---|---|
| विश्व के प्रथम सम्राट जिन्होंने शस्त्र त्याग कर विदेशों में बौद्ध धर्म का प्रचार किया | सम्राट अशोक (272–232 ई.पू.) |
| दुनिया का सबसे पुराना आलीशान महानगर | पाटलिपुत्र (221 ईसा पूर्व) |
| खगोल विज्ञान और गणित में दुनिया के पहले आविष्कारक | आर्यभट्ट<br>• वह प्राचीन कुसुमपुर, पटना के निवासी थे। |
| **भारत में प्रथम** | |
| वह शासक जिसने भारत में पहला रुपये का सिक्का चलाया | शेर शाह सूरी<br>• उसने 1542 ई. में रुपये का सिक्का जारी कियाँ<br>• एक तोला चाँदी यानी 180 माशा के एक रुपये के सिक्के में 175 माशा शुद्ध चांदी थी।<br>• एक माशा 0.972 ग्राम के बराबर होता है। |
| महात्मा गांधी का प्रथम सत्याग्रह एवं कारावास | 'चंपारण सत्याग्रह' (1917 ई.)<br>• यह अंग्रेजों की तिनकठिया व्यवस्था के खिलाफ था। इसके अनुसार नील की खेती करने वालों को अपनी भूमि के 3/20वें हिस्से में नील की खेती करनी पड़ती थी। |
| भारत के प्रथम राष्ट्रपति | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद<br>• वह जीरादेई, सीवान के रहने वाले थे। |
| एक ही निर्वाचन क्षेत्र से बार–बार चुने जाने वाले भारत के पहले सांसद | स्व. जगजीवन राम<br>• उन्होंने सहसराम निर्वाचन क्षेत्र से लगातार 8 बार चुनाव जीता। |
| भारत का सबसे पुराना स्तूप | पिपराचीव में भारत–नेपाल सीमा के पास<br>• यह 2500 वर्ष पुराना है और इसकी उंचाई 7 मी. है। |
| भारत का सबसे बड़ा मेला या पशु मेला | सोनपुर पशु मेला<br>• यह गंगा और गंडक नदी के संगम पर स्थित है। |
| कृषि रोड मैप लॉन्च करने वाला भारत का पहला राज्य | बिहार |

| | |
|---|---|
| पूरे राज्य की सभी जेलों में कंप्यूटर सिस्टम लागू करने वाला भारत का पहला राज्य | बिहार |
| भारत का पहला राज्य जहाँ आम लोगों को अपनी शिकायतें करने के साथ–साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका समाधान प्राप्त करने का कानूनी अधिकार है। | बिहार |
| सेंदाई फ्रेमवर्क समझौते के संदर्भ में 15 वर्षीय (2015–2030) आपदा जोखिम न्यूनीकरण रोडमैप तैयार करने वाला भारत का पहला राज्य | बिहार |
| आपदाओं में त्वरित प्रतिक्रिया और राहत के लिए आपदा प्रबंधन विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में पूर्णकालिक SDRF वाहिनी (बटालियन) स्थापित करने वाला भारत का पहला राज्य। | बिहार |
| शहरी क्षेत्र अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के वास भूमि रहित परिवारों के लिए वास भूमि नीति (2014 में) लागू करने वाला भारत का पहला राज्य | बिहार |
| केंद्रीय कारागार, बेऊर (पटना) में प्रिजन ईआरपी सिस्टम स्थापित करने वाला भारत का पहला राज्य। | बिहार |
| भारत की प्रथम फाइटर पायलट | भावना कांत (दरभंगा)<br>• उन्हें अपने दो साथियों, मोहना सिंह और अवनी चतुर्वेदी के साथ पहली लड़ाकू पायलट घोषित किया गया है। |
| कृषि अनुसंधान शुरू करने वाला भारत का पहला राज्य | बिहार (1905 में) |
| आपदा प्रतिक्रिया में मानदंड (मृतक के परिवारों को 24 घंटे में अनुग्रह अनुदान का भुगतान) स्थापित करने वाला देश का पहला राज्य | बिहार |
| दुनिया का सबसे बड़ा फ्री इंटरनेट वाई–फाई जोन (20 किमी के भीतर) | अशोक राजपथ से दानापुर |
| देश का पहला टिम्बर मार्ट | हाजीपुर |
| देश का पहला डिजिटल सरकारी अनुसंधान केंद्र | पटना |

| | |
|---|---|
| खादी को शैक्षणिक परिधान के रूप में शामिल करने वाला देश का पहला राज्य | बिहार (नालंदा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय द्वारा) |
| आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में भी आरक्षण व्यवस्था लागू करने वाला देश का पहला राज्य | बिहार |
| पुलिस भर्ती में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने वाला देश का पहला राज्य। | बिहार |
| देश में ई–वन बाजार शुरू करने वाला पहला राज्य | बिहार |
| गंगा डॉल्फिन के संरक्षण के लिए अभयारण्य घोषित करने वाला देश का पहला राज्य | बिहार |
| **बिहार में प्रथम** | |
| दिल्ली की गद्दी पर बैठने वाला प्रथम बिहारी शासक | शेर शाह सूरी |
| बोधगया में बौद्ध मंदिरों का पहला निर्माता | समुद्रगुप्त |
| बिहार के पहले राज्यपाल | जयरामदास दौलतराम |
| बिहार के पहले मुस्लिम राज्यपाल | डॉ. जाकिर हुसैन |
| बिहार के पहले मुख्यमंत्री | श्रीकृष्ण सिंह |
| बिहार के पहले मुस्लिम मुख्यमंत्री | अब्दुल गफूर |
| बिहार के पहले दलित मुख्यमंत्री | भोलानाथ शास्त्री |
| बिहार के पहले स्वतंत्र मुख्यमंत्री | महामाया प्रसाद सिन्हा |
| बिहार के पहले राजनेता जो लोकसभा के अध्यक्ष बने | बलिराम भगत<br>● वे 5वीं लोकसभा में 5 जनवरी, 1976 से 25 मार्च, 1977 तक लोकसभा के अध्यक्ष रहे। |
| बिहार के पहले शिक्षा मंत्री | सर गणेश दत्त |
| सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनने वाले पहले बिहारी | स्वर्गीय भुवनेश्वर प्रसाद |
| ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले पहले बिहारी व्यक्ति | रामधारी सिंह दिनकर<br>● उन्हें 1972 में रचना 'उर्वशी' के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। |
| बिहार का पहला हिंदी दैनिक पत्र | सर्वहितेशी (1832 ई.) |
| बिहार की पहली भोजपुरी फिल्म | हे गंगा मैया तोहे पियारी चढ़बो |
| बिहार का पहला अंग्रेजी दैनिक पत्र | खोज–दीप |
| बिहार का पहला फ्लड लाइट क्रिकेट स्टेडियम | राजवंशी नगर, पटना |
| जिस साल बिहार में सबसे बड़ा भूकंप आया | 1934 ई. |
| बिहार का सबसे लंबा सड़क पुल | महात्मा गांधी सेतु<br>● यह पटना में गंगा नदी पर स्थित है।<br>● यह 5.575 किमी लंबा है। |
| प्रदेश का पहला बीपीओ सेंटर | पटना<br>● इसकी स्थापना टीसीएस कंपनी ने की है। |
| प्रदेश का पहला कृषक व्यवसाय विद्यालय | कंझिया (नाथनगर, भागलपुर) |
| राज्य का पहला स्टील साइलो (अनाज भंडारण के लिए) | डहरिया, कटिहार |
| राज्य का पहला और देश का दूसरा ग्रीन सिटी | भाभुआ |
| बिहार की पहली मैथिली फिल्म | कन्यादान |
| बिहार का पहला वाई–फाई गांव | वेल्दारीचक (पटना) |
| बिहार की पहली मुक्त जेल (मई, 2012 से) | बक्सर |
| राज्य का पहला शुष्क बंदरगाह | बिहटा, पटना |
| फिल्म सिटी | वाल्मीकिनगर और राजगीर (दोनों प्रस्तावित) |
| राज्य का पहला पूर्ण स्वचालित डेयरी और पहला टेट्रापैक प्लांट | बिहारशरीफ |
| प्रदेश की पहली खुली जेल | बक्सर |
| प्रदेश की पहली महिला जेल | भागलपुर |

**क्या आप जानते हैं?**

- 'भारत रत्न' से सम्मानित बिहार के प्रमुख व्यक्तिगण
- डॉ. राजेंद्र प्रसाद (1962)– उनका जन्म जीरादेई (वर्तमान सीवान जिला) में हुआ था।
- लोकनायक जयप्रकाश नारायण (1999) – उनका जन्म वर्तमान सारण जिले में हुआ था।
- उस्ताद बिस्मिल्लाह खान (2001)– उनका जन्म डुमरांव (वर्तमान बक्सर जिला) में हुआ था।

## महत्वपूर्ण अभ्यास प्रश्न

**1.** सूची-I का सूची-II से मिलान करें।

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) सबसे बड़ा शहर | I. शिवहर |
| (b) सबसे कम क्षेत्रफल वाला जिला | II. पश्चिमी चंपारण |
| (c) सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला | III. हाजीपुर जिला |
| (d) देश का पहला टिम्बर मार्ट | IV. पटना |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) a-IV, b-II, c-I, d-III
(B) a-I, b-IV, c-II, d-III
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III
(D) a-III, b-I, c-II, d-IV

**2.** निम्न में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

I. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को भारत रत्न मिला : 1962
II. जयप्रकाश नारायण को भारत रत्न मिला : 1999
III. बिस्मिल्ला खान को भारत रत्न मिला : 1975

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल I
(B) केवल III
(C) केवल II
(D) उपरोक्त सभी

**3.** निम्न कथनों पर विचार करें।

I. विश्व का पहला विश्वविद्यालय नालंदा विश्वविद्यालय में स्थापित किया गया था।
II. छठी शताब्दी ईसा पूर्व में विश्व का पहला लोकतांत्रिक गणराज्य 'वज्जि संघ' था।
III. शस्त्र त्याग कर विदेशों में बौद्ध धर्म का प्रचार करने वाले विश्व के प्रथम सम्राट सम्राट अशोक (272-232 ईसा पूर्व) थे।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल I और III
(B) केवल I और II
(C) केवल II और III
(D) उपरोक्त सभी

**4.** निम्न कथनों पर विचार करें।

I. राज्य की पहली ओपन जेल बक्सर में स्थापित की गई है।
II. बिहार शरीफ में राज्य की पहली पूर्ण स्वचालित डेयरी और पहला टेट्रापैक प्लांट स्थापित किया गया है।
III. बिहार में वाल्मीकि नगर और पटना में फिल्म सिटी की स्थापना प्रस्तावित है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल I और III
(B) केवल I और II
(C) केवल II और III
(D) उपरोक्त सभी

**5.** सूची-I का सूची-II से मिलान करें।

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) बिहार के प्रथम राज्यपाल | I. डॉ. जाकिर हुसैन |
| (b) बिहार के प्रथम मुस्लिम राज्यपाल | II. श्री कृष्ण सिंह |
| (c) बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री | III. जयरामदास दौलतराम |
| (d) बिहार के पहले मुस्लिम मुख्यमंत्री | IV. अब्दुल गफूर |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) a-IV, b-II, c-I, d-III
(B) a-I, b-IV, c-II, d-III
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III
(D) a-III, b-I, c-II, d-IV

**6.** निम्न में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

I. बिहार राज्य से भारत की प्रथम महिला फाइटर पयलट : अवनी चतुर्वेदी
II. भारत का पहला सौर गाँव : धनरई गाँव
III. भारत का सबसे बड़ा पशु मेला : सोनपुर पशु मेला

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल I
(B) केवल II
(C) केवल III
(D) उपरोक्त सभी

**7.** निम्न कथनों पर विचार करें।

I. आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में भी आरक्षण व्यवस्था लागू करने वाला देश का पहला राज्य बिहार है।
II. पुलिस नियुक्तियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने वाला देश का पहला राज्य बिहार है।
III. देश में ई-वन बाजार शुरू करने वाला पहला राज्य बिहार है।
IV. गैंडे के संरक्षण के लिए अभयारण्य स्थापना की घोषणा करने के सन्दर्भ में बिहार देश का पहला राज्य है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) I, II और III
(B) I, III और IV
(C) I, II और IV
(D) उपरोक्त सभी

**8.** 'राजेन्द्र सेतु' किस नदी पर स्थित है ?

(A) गंगा (B) बागमति
(C) कोसी (D) महानन्दा

**9.** बिहार के निम्नलिखित जिलों में से कौन–सा बिहार के नक्शे पर सर्वाधिक पूर्व में है?

(A) भागलपुर (B) कटिहार
(C) पूर्णिया (D) किशनगंज

**10.** निम्नलिखित में से कौन दक्षिण बिहार में स्थित है ?

(A) पूर्णिया (B) आरा
(C) राजगीर (D) गया

## उत्तरमाला

**1.** (C) **2.** (B) **3.** (D) **4.** (B) **5.** (D)
**6.** (A) **7.** (A) **8.** (A) **9.** (D) **10.** (D)

❑❑